# शहीद बेलमती चौहान
# राजकीय महाविद्यालय पोखरी
# (क्वीली) टिहरी गढ़वाल

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल से सम्बद्ध

**अल्फान्यूमेरिक कोडः UK-08-039**

# सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान गतिविधियों की झलकियां

## सत्र: 2022—23

दिनांकः 19.03.2023 से 25.03.2023 तक

शिविर स्थलः सरस्वती विद्या मंदिर, ग्राम पंचायत- पोखरी गांव, पोखरी (टिहरी गढ़वाल)

-:प्रस्तुतकर्ता:-

डॉ. राम भरोसे
कार्यक्रम अधिकारी
रा.से.यो. इकाई, राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड - 249146

# <u>सात दिवसीय विशेष शिविर: एक नज़र</u>

शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में दिनांक <u>19.03.23 से 25.03.23</u> तक सात दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया. यह शिविर सरस्वती विद्या मंदिर पोखरी में लगाया गया. शिविर का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉ० शशि बाला वर्मा जी एवं अध्यक्ष, मंडी समिति नरेंद्र नगर श्री बीर सिंह रावत जी द्वारा किया गया. उन्होंने सभी स्वयंसेवियों का उत्साहवर्धन देते हुए अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित की. अन्य विशिष्ट अतिथियों में ग्राम प्रधान श्रीमती किरण बिजल्वाण, व्यापार मण्डल के पोखरी के सचिव जोत सिंह असवाल उपस्थित रहें, सभी ने स्वयंसेवियों को शिविर को सफल बनाने के लिए आशीर्वाद प्रदान किया. प्रत्येक दिवस की शुरुआत ईश वंदना और योगाभ्यास द्वारा की जाती थी. उसके बाद एनएसएस से संबंधित विभिन्न क्रियाकलाप किए जाते थे.

शिविर के <u>दूसरे दिन 20.3.23</u> को शिविर स्थल सरस्वती विद्या मंदिर पोखरी परिसर में सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया. दोपहर भोजन उपरांत बौद्धिक सत्र में श्री संतोष पंत और श्री मनीष रावत ने हम स्वयंसेवियों को जीवन में संस्कारों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया. संस्कार युक्त शिक्षा ही हमारा भावी उज्ज्वल मार्ग प्रशस्त कर सकती है.

शिविर के <u>तीसरे दिन 21.3.23</u> के बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सब-इंस्पेक्टर श्री भास्कर सिंह एवम् हेड कांस्टेबल धन सिंह उनियाल चौकी गजा टिहरी गढ़वाल उपस्थित रहें. इस तीसरे दिवस के कार्यक्रम की थीम रही नशा मुक्ति, मुख्य अतिथि श्री भास्कर सिंह और विशिष्ट अतिथि हेड कांस्टेबल धन सिंह उनियाल ने हम स्वयंसेवियों को पहाड़ क्षेत्र में फैली बुराई नशा मुक्ति के कारण और निवारण के विषय में विस्तार से बात की. उन्होंने कहा कि नशे की बुराई को दूर करने के लिए घर से शुरुआत होनी चाहिए. उन्होंने अनेक उदाहरणों से बच्चों को समझाया कि किस प्रकार हम नशे को समाज से दूर कर सकते हैं. साथ ही उन्होंने स्वयंसेवियों को ट्रैफ़िक नियमों से अवगत कराया. और उन्होंने स्वयंसेवियों से उनके मोबाइल में गौरा शक्ति और देवभूमि एप को डाउनलोड कराया. इसके साथ उन्होंने स्वयंसेवियों से उत्तराखंड पुलिस विभाग, आपदा विभाग, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित आवश्यक हेल्प लाइन नंबर भी लिखवाए.

शिविर का <u>चौथा दिन 22.03.2023</u> सभी स्वयंसेवियों के लिए बहुत ख़ास रहा. इस दिन कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे सभी स्वयंसेवियों को शैक्षणिक भ्रमण पर छः अलग-अलग स्थानों पर लेकर गये. सभी स्वयंसेवियों द्वारा शहीद बेलमती चौहान चौक गजा की साफ़ सफ़ाई का कार्य किया फिर गजा बाज़ार में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत सभी व्यापारियों को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करते हुए 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को नशे से जुड़ा कोई समान न बेचने की अपील की. इसके बाद हम SBI बैंक गये, वहाँ प्रबंधक महोदय श्री रजनीश सर से मिले, जिन्होंने ऑनलाइन बैंकिंग से जुड़ी जानकारी को साझा किया. गजा में स्थित घंटाकर्ण मंदिर में शीश नवा कर हमारी यात्रा जठेड नकोट में माँ राज राजेश्वरी मंदिर में पहुँची,

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड -249146

जहाँ पहुँचते ही सभी स्वयंसेवियों ने मंदिर परिसर को पौलीथीन मुक्त किया और मंदिर के दर्शन कर हम वापस गजा पुलिस चौकी पहुँचे. वहाँ चौकी प्रभारी श्री भास्कर सर और श्री धन सिंह उनियाल सर भेंट की. इसके बाद शाम पाँच बजे सभी स्वयंसेवी सकुशल शिविर स्थल पर पहुँचे.

पाँचवे दिन 23.03.2023 के प्रारम्भ होते ही महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉ० शशि बाला वर्मा जी शिविर स्थल पर पहुंची और गत बीते दिनों के बारे में स्वयंसेवियों से शिविर में होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्हें शिविर के सकुशल समापन हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ भी दी. साथ ही प्राचार्या महोदया ने आज स्वयंसेवियों द्वारा बनाये नाश्ते का भी आनंद लिया. इसके बाद प्रथम और द्वितीय बौद्धिक सत्रों में महाविद्यालय के सभी विभागों से आएँ प्राध्यापकों ने G20 से सम्बंधित अलग अलग विषयों पर निबंध-पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. शाम जलपान के पश्चात् हम सभी स्वयंसेवियों ने शिविर स्थल से पोखरी बाज़ार तक नशा मुक्ति और स्वच्छता सम्बंधित जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए.

छठे दिन 24.03.2023 के प्रथम व द्वितीय सत्रों में ग्राम प्रधान पोखरी श्रीमती किरण बिजल्वाण जी ने स्वयंसेवियों के साथ मिलकर समस्त ग्रामीण महिलाओं के नशे के दुष्परिणामों के विषय में अवगत कराते हुए, नशे से मुक्त रहने की अपील की. अपनी इस सात दिवसीय विशेष शिविर की साप्ताहिक रिपोर्ट आप सभी महानुभावों के समक्ष प्रस्तुत करने से पूर्व अपने महाविद्यालय की आदरणीय प्राचार्या महोदया डॉ० शशि बाला वर्मा जी का सभी स्वयं सेवियों की ओर से हार्दिक धन्यवाद देना चाहूँगा, जिनकी अनुमति और आशीर्वाद के फलस्वरूप यह सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया.

इसके बाद हार्दिक आभार उन सभी साथियों का जिनके सानिध्य, आशीर्वाद और मार्गदर्शन में हमने यह सात दिवसीय विशेष शिविर सफलता पूर्वक पूरा किया.

शिविर के समापन समारोह के मुख्य अतिथि वन विभाग के अधिकारी श्री सुनील सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि समाजदेवी श्री लाखीराम बिजल्वाण, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य श्री दलीप सिंह, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री बैरवान रहें. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉ० शशि बाला वर्मा जी द्वारा की गई. जिनके सानिध्य और आशीर्वाद से यह शिविर संपन्न हो सका.

और इस प्रकार हमारा यह सात दिवसीय विशेष शिविर सकुशल सफल रहा और आज हम इस शिविर समापन का समारोह मना रहे हैं.

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड -249146

कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने इस शिविर की सफलता का सारा श्रेय अपने स्वयंसेवियों को दिया. साथ ही समस्त महाविद्यालय परिवार का भी धन्यवाद ज्ञापित किया, जिन्होंने समय समय पर शिविर में उपस्थित होकर स्वयंसेवियों का उत्साहवर्धन और मार्गदर्शन किया.

सभी महानुभावों का हार्दिक आभार

धन्यवाद

डॉ० राम भरोसे
(रा०से०यो० कार्यक्रम अधिकारी)

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड -249146


## प्रथम दिवस: 19-03-2023

आज दिनांक 19.03.2023 से राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय रात-दिन के विशेष कैम्प का शुभारंभ किया गया. महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सात दिवसीय रात-दिन का विशेष शिविर सरस्वती विद्या मंदिर पोखरी में संचालित किया जा रहा है. आज के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन मंडी समिति नरेंद्रनगर के अध्यक्ष श्री बीर सिंह रावत द्वारा किया गया. आज के उद्घाटन समारोह में सरस्वती विद्या मंदिर पोखरी के प्राचार्य श्री दलीप सिंह, पोखरी बाज़ार के व्यापार मण्डल के सचिव श्री जोत सिंह असवाल और ग्राम प्रधान पोखरी श्रीमती किरण विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित रहें.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बीर सिंह प्रधान ने उपस्थित स्वयंसेवियों को सात दिन के शिविर हेतु अपनी मंगल कामनाएँ प्रेषित की और शिविर में भावी दिनों में हर प्रकार से सहयोग की बात कही. अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी स्वयंसेवियों का शिविर के लिए मार्गदर्शन किया. महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया प्रो० शशि बाला वर्मा ने सात दिवसीय विशेष शिविर हेतु शुभकामनाएँ प्रदान की और उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हमे अपने जीवन में अनुशासन अपनाकर जीवन को कामयाब कर सकते हैं. एनएसएस में सीखे गये शिक्षा पूरे जीवन में आपको जीवन में सहयोग करेगा.




**राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर (19.03.23-25.03.23) का उद्घाटन मंडी समिति नरेंद्रनगर के अध्यक्ष श्री बीर सिंह रावत द्वारा किया गया. आज के उद्घाटन समारोह में सरस्वती विद्या मंदिर पोखरी के प्राचार्य श्री दलीप सिंह पोखरी बाज़ार के व्यापार मण्डल के सचिव श्री जोत सिंह असवाल और ग्राम प्रधान पोखरी श्रीमती किरण विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित रहें.19.03.2023**




कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड -249146

# द्वितीय दिवस: 20-03-2023

राजकीय महाविद्यालय पोखरी ( क्वीली) टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सरस्वती विद्या मंदिर पोखरी में सात दिवसीय विशेष शिविर के आज दुसरे दिन की शुरुआत ईश वंदना से हुई. वंदना के बाद कु० अमिता द्वारा स्वयंसेवियों को योगाभ्यास कराया गया. इसके बाद सभी स्वयंसेवियों ने सरस्वती विद्या मंदिर पोखरी परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाते हुए पुरे परिसर को प्लास्टिक मुक्त किया. सभी स्वयंसेवियों ने आपस में भोजनालय में भोजन बनाया और सभी ने मिलकर प्रेमपूर्वक भोजन किया.

भोजनावकाश के बाद आज के बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए श्री संतोष पन्त जी प्रचारक खंड गजा एवं उनके साथी सरस्वती शिशु मंदिर गजा के प्रधानाचार्य श्री मनीष रावत जी का "भारतीय शिक्षा व्यवस्था में नैतिक मूल्यों के महत्व" पर व्याख्यान हुआ. इसी सत्र में महविद्यालय की गत वर्ष की टॉपर सपना बिजल्वाण भी शिविर में उपस्थित होकर सभी स्वयंसेवियों को मोटीवेट किया.











कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे 20.3.23 स्वयंसेवियों से विशेष शिविर की भावी गतिविधियों के विषय में वार्तालाप करते हुए







कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड -249146





आगुन्तक अतिथि एवं स्वयंसेवी दोपहर भोज ग्रहण करते हुए.
20.3.23







कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड - 249146




कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (चमोली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (चमोली) टि०ग०
उत्तराखण्ड -249146

## तृतीय दिवस: 21-03-2023

शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी ( क्वीली) टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सरस्वती विद्या मंदिर पोखरी में सात दिवसीय विशेष शिविर के आज तीसरे दिन के बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सब-इंस्पेक्टर श्री भास्कर सिंह एवम् हेड कांस्टेबल धन सिंह उनियाल चौकी गजा टिहरी गढ़वाल उपस्थित रहें.

इस तीसरे दिवस के कार्यक्रम की थीम रही श्नशा मुक्तिश्' मुख्य अतिथि श्री भास्कर सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों को पहाड़ क्षेत्र में फैली बुराई नशा मुक्ति के कारण और निवारण के विषय में विस्तार से बात की. उन्होंने कहा कि नशे की बुराई को दूर करने के लिए घर से शुरुआत होनी चाहिए. उन्होंने अनेक उदाहरणों से बच्चों को समझाया कि किस प्रकार हम नशे को समाज से दूर कर सकते हैं.

साथ ही उन्होंने स्वयंसेवियों को ट्रेफ़िक नियमों से अवगत कराया. और उन्होंने स्वयंसेवियों से उनके मोबाइल में गौरा शक्ति और देवभूमि एप को डाउनलोड कराया. इसके साथ उन्होंने स्वयंसेवियों से उत्तराखंड पुलिस विभाग, आपदा विभाग, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित आवश्यक हेल्प लाइन नंबर भी लिखवाए. और सीएम हेल्प लाइन के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की.





रा॰
से॰
यो॰

बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सब-इंस्पेक्टर श्री भास्कर सिंह एवम् हेड कांस्टेबल धन सिंह उनियाल चौकी गजा, टिहरी गढ़वाल की उपस्थिति 21.03.23




कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए हेड कांस्टेबल श्री धन सिंह उनियाल ने स्वयंसेवियों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दीए उन्होंने कहा कि किसी अजनबी को भी अपना न दें और अजनबी नंबर भी ना उठाये. साथ ही घर से बाहर जाने की पूर्व सूचना किसी भी स्थिति में सोशल मीडिया पर सार्वजनिक न करें. और उन्होंने ऑनलाइन ठगी को उदाहरण देते हुए बड़ी गम्भीरता से स्वयंसेवियों को बताया कि हमे किसी को कभी भी OTP नहीं देना चाहिएए बैंक कभी किसी को फ़ोन नहीं करताए इसलिए हमे सावधानी से ऑनलाइन बैंकिंग करनी चाहिए. महाविद्यालय के सहयोगी कु० अमिता, श्रीमती सुनीता और श्री नरेश के साथ

इस अवसर पर स्वयंसेवी प्रदीप, किरणदीप, नरेंद्र, मनीष, सिमरन, प्राची, लता, प्रियांशी, मोनिका, काजल, अंजलि, अक्षा, कोमल, मोनिका, अंजलि, अंशिका, आरती, ऋतु, प्रियंका, पूजा, अनिशा, मनीषा, अनिशा आदि उपस्थित रहें और सभी बच्चे आज के बौद्धिक सत्र हेतु आगंतुक अतिथियों का हार्दिक आभार ज्ञापित किया.

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड -249146



21.
03.
23

सुबह नाश्ते की तैयारी करते हुए स्वयंसेवी

## रात्रि गतिविधियाँ

21.03.23

# NOT ME BUT YOU





कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टिहरी
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड - 249146

# चतुर्थ दिवस: 22-03-2023




राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत संचालित सात दिवसीय शिविर के आज 22.03.23 चतुर्थ दिवस समस्त स्वयंसेवियों हेतु शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया. महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० शशि बाला वर्मा जी के आशीर्वाद से आज प्रातः 10 बजे से शैक्षणिक भ्रमण शिविर स्थल सरस्वती विद्या मंदिर पोखरी से प्रारंभ हुआ. सबसे पहले इसके अंतर्गत गजा बाज़ार में शहीद बेलमती चौहान चौक में अवस्थित शहीद बेलमती चौहान की मूर्ति और परिसर की स्वयंसेवियों द्वारा साफ़ सफ़ाई की और उसके बाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे, कु० अमिता, श्रीमती सुनीता और समस्त स्वयंसेवियों द्वारा शहीद बेलमती चौहान जी को श्रद्धांजलि अर्पित की. इस कार्य को सुचारू रूप से करने हेतु नगर पालिका गजा के नगर पालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना खाती जी के पति श्री राजेंद्र खाती ने अपना योगदान किया और खाती जी ने स्वयंसेवियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की तारीफ़ की तथा बाद में स्वयंसेवियों के लिए फलाहार की भी व्यवस्था कराई गई.

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड -249146






शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम शहीद बेलमती चौहान चौक परिसर की साफ–सफाई करते स्वयंसेवी
22.03.2023



सात दिवसीय विशेष शिविर के 22.03.23 चतुर्थ दिवस में समस्त स्वयंसेवियों हेतु शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया. जिसके अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण गजा बाज़ार टिहरी गढ़वाल में जन-जागरण कार्यक्रम चलाते हुए सभी स्वयं सेवियों और एनएसएस कार्यक्रम डॉ० राम भरोसे द्वारा सभी दुकानदारों से अपील की कि सभी यह प्रयास करें कि हम अपनी दुकानों में नशे से संबंधित सामग्री न बेचे या कम से कम यह प्रयास करें कि 18 साल से कम किसी भी बच्चे को नशे की सामग्री देने से इंकार करें. उन्होंने दुकानदारों से आग्रह किया कि वे उत्तराखंड को 2025 तक नशा मुक्त कराने में अपना सहयोग दें.




कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड - 249146



सभी स्वयंसेवियों ने एसबीआई बैंक गजा टिहरी गढ़वाल में जाकर बैंकिंग व्यवस्था को नज़दीक से देखा और आधुनिक बैंकिंग व्यवस्था को भली भाँति समझने के लिए शाखा प्रबंधक श्री रजनीश पाल स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया. उन्होंने यह भी बताया कि एसबीआई किस प्रकार से विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा को पूर्ण करने में किस प्रकार सहयोग कर सकता है. रजनीश पाल जी ने नया खाता खोलने की प्रक्रिया से भी स्वयंसेवियों से साझा किया. 22-03-2023



शैक्षणिक भ्रमण की आगे की गतिविधि के बारे में कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जैसा ही सभी जानते हैं कि आज चैत्र मास के नवरात्रों का प्रारंभ हो रहे हैं, सभी स्वयंसेवियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए माँ राजराजेश्वरी पौराणिक मंदिर (खण्डकरी नकोट) गजा टिहरी गढ़वाल में हमारी यात्रा पहुँची. मंदिर परिसर को पॉलीथिन मुक्त करने के लिए सभी स्वयंसेवियों द्वारा मंदिर परिसर में सघन स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया. इसके बाद मंदिर में प्रवेश कर सभी ने पूजा अर्चना की और सूचना पट्ट की ओर इशारा करते हुए इस पौराणिक स्थल के इतिहास के विषय में कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवियों को जानकारी प्रदान कराई. इसके बाद सभी स्वयंसेवियों ने मंदिर परिसर में ही पौष्टिक जलपान ग्रहण किया. 22.03.2023

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड - 249146



शैक्षणिक भ्रमण के अंतिम पड़ाव गजा चौकी, टिहरी गढ़वाल पहुँचे. वहाँ पहुँचकर सभी स्वयंसेवी चौकी प्रभारी सब-इंस्पेक्टर श्री भास्कर और हेड-कांस्टेबल श्री धन सिंह उनियाल से मिलकर बहुत हर्षित हुए. श्री भास्कर सिंह द्वारा सभी स्वयंसेवियों को आज के भ्रमण के पूरे होने पर बधाई प्रेषित की और भावी जीवन को उज्ज्वल बनाने हेतु उन्होंने शुभकामनाएँ भी प्रदान की. 22.03.2023



इस शैक्षणिक भ्रमण की स्टिल और वीडियो कवरेज के लिए महाविद्यालय के कर्मठ कर्मचारी श्री नरेंद्र जी द्वारा की गई. और इस भ्रमण के पूर्ण होने में सर्वाधिक योगदान रहा है श्री नरेश रावत जी जिन्होंने इसके लिए गाड़ियों की व्यवस्था कीए ड्राइवर भैया श्री सुशील बिजल्वाण और श्री धूम सिंह पंवार जी ने सुरक्षित सभी स्वयंसेवियों को भ्रमण के बाद शिविर स्थल पर पहुँचा दिया. इसके लिए सभी स्वयंसेवियों ने उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया. शाम 5:00 बजे सभी स्वयंसेवी सकुशल शिविर स्थल पर पहुँच चुके थे.

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड -249146

## पंचम् दिवस: 23.03.2023




स्वयंसेवियो द्वारा शिक्षण कराते हुए








रा०से०यो० के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत



नशा मुक्ति अभियान विषयक चार्ट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते स्वयंसेवी
23-03-2023







स्वयंसेवियों द्वारा बनायें गए चार्ट

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.वे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड -249146

राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा समस्त स्वयंसेवियों के मध्य G-20 विषयक एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसके अंतर्गत उच्च शिक्षा निदेशालय से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार G-20 के विभिन्न विषयों जैसे पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, जैविक खेती द्वारा आत्मनिर्भरता, भारत में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पोस्टर बनाएँ. इस प्रतियोगिता में समस्त स्वयंसेवियों को अलग अलग 9 समूहों में बाँटा गया. जिसकी विशेषता रही कि प्रत्येक समूह में प्रत्येक कक्षा के छात्र-छात्रा रहें. सभी ने आपसी सहयोग से इस प्रतियोगिता को संपादित किया और कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे और उनकी सहयोगी कु० अमिता तथा श्रीमती सुनीता द्वारा इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाते हुए बताया कि प्रथम द्वितीय एवम् तृतीय स्थान प्राप्त सभी विजयी प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं-

**प्रथम पुरस्कार**

1- सिमरन (बीए तृतीय वर्ष)

2- कोमल (बीए तृतीय वर्ष)

3- अनिशा (बीए प्रथम सेमेस्टर)

**द्वितीय पुरस्कार**

1- काजल (बीए प्रथम सेमेस्टर)

2- मनीषा (बीए प्रथम सेमेस्टर)

3- प्रियांशी (बीए द्वितीय वर्ष)

**तृतीय पुरस्कार**

1- रितिका (बीए प्रथम सेमेस्टर)

2- प्रदीप (बीए प्रथम सेमेस्टर)

3- अक्षा (बीए द्वितीय वर्ष)





**G-20 के अन्तर्गत विभिन्न विषयों पर आधारित चार्ट प्रतियोगिता के सम्मिलित छात्र–छात्राएं और उनके द्वारा बनाएं गये चार्ट्स की एक झलक।**




कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड - 2491..

समय समय पर स्वयंसेवियों की कुशलता और शिविर में संचालित होने वाले क्रियाकलापों के विषय में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० शशि बाला वर्मा एक संस्था की मुखिया और अभिभावक के रूप में निरंतर कार्यक्रम अधिकारी से दूरभाष पर संपर्क करती रहीं और महाविद्यालय के व्यस्तताओं के बावजूद स्वयंसेवियों से मिलने शिविर स्थल पर भी आयीं.
कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने सभी स्वयंसेवियों को बधाई एवम् भावी शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उन्हें उत्साहित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का असल मक़सद यही है कि हम जिस प्रकार इस शिविर में मिलजुल का भाईचारे के साथ रह रहे हैंए ऐसे ही आगे चलकर समाज में भी आपसी सहयोग के साथ रहेंगे और एक अच्छे नागरिक बनकर अपने देश के विकास में सहयोग करेंगे. महाविद्यालय के कर्मचारी श्री नरेश द्वारा भी इस अवसर पर स्वयंसेवियों को उत्साहित किया गया.
इस अवसर पर स्वयंसेवी प्रदीपए किरणदीपए नरेंद्रए सिमरनए मोनिकाए काजलए अंजलिए अक्षाए कोमलए मोनिकाए अंजलिए अंशिकाए आरतीए ऋतुए प्रियंकाए पूजाए अनिशाए मनीषाए अनिशा आदि उपस्थित रहें.

























कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड -249146

# षष्ठम् दिवस: 24.03.2023

राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत संचालित सात दिवसीय शिविर के आज 24.03.23 षष्ठम् दिवस का आरंभ प्रतिदिन दिन की भाँति स्वयंसेवियों द्वारा योगाभ्यास करके किया गया. आज स्वयंसेवियों को योगाभ्यास एवम् योग प्रशिक्षण कराने हेतु राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय पोखरी से योग प्रशिक्षक श्री वीरेन्द्र दत्त बिजल्वाण जी आएँ. उन्होंने पहले सभी स्वयंसेवियों से योग के महत्व पर विस्तार से चर्चा की. उसके बाद स्वयंसेवियों को विभिन्न आसनों और प्राणायामों का प्रायोगिक अभ्यास कराया गया.



**सात दिवसीय शिविर के षष्ठम् दिवस 24.03.23 का आरंभ प्रतिदिन दिन की भाँति स्वयंसेवियों द्वारा योगाभ्यास करके किया गया. आज राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय पोखरी के योग प्रशिक्षक श्री वीरेन्द्र दत्त बिजल्वाण जी द्वारा स्वयंसेवियों को योगाभ्यास एवम् योग प्रशिक्षण कराया गया.**

उसके बाद ग्राम पोखरी में नशा मुक्ति और बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पोखरी की महिलाओं के मध्य जन-जागरूकता अभियान आयोजित किया. ग्राम पोखरी की ग्राम प्रधान श्रीमती किरण बिजल्वाण में निज निवास पर सभी स्वयंसेवी एकत्रित हुए. ग्राम प्रधान श्रीमती किरण बिजल्वाण ने अपने उद्‌बोधन में अपने समस्त ग्राम की महिलाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया.

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड -249146

इस अवसर पर ग्रामवासी निर्मला देवी, प्रेमा देवी, शक्ति देवी, विजय लक्ष्मी देवी, मनोरी देवी, पूर्णिमा, संगीता, आँगनवाडी कार्यकत्री सुनीता बिजल्वाण उपस्थित रहें.

जन जागरण कार्यक्रम के बाद सभी स्वयंसेवियों को शिविर स्थल पर कार्यक्रम अधिकारी द्वारा नशा मुक्ति विषयक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया. जिसमें तीन-तीन स्वयंसेवियों का ग्रुप बनाकर पोस्टर एक से बढ़कर



24-03-2023 को ग्राम पोखरी में नशा मुक्ति और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पोखरी की महिलाओं के मध्य जन-जागरूकता अभियान आयोजित किया. ग्राम पोखरी की ग्राम प्रधान श्रीमती किरण बिजल्वाण में निज निवास पर सभी स्वयंसेवी एकत्रित हुए. ग्राम प्रधान श्रीमती किरण बिजल्वाण ने अपने उद्‌बोधन में अपने समस्त ग्राम की महिलाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया.

एक पोस्टर तैयार किए गए. इस प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा कल शिविर के समापन समारोह में की जाएगी. विजयी स्वयंसेवियों को पुरस्कृत भी किया गया.

इसके बाद दोपहर के बौद्धिक सत्र में G20 के अन्तर्गत महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी श्रीमती सरिता देवी द्वारा स्वयंसेवियों के मध्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. सभी स्वयंसेवियों ने इस प्रतियोगिता में बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया. कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने सभी स्वयंसेवियों को G20 से सम्बंधित अन्य ज़रूरी जानकारियों से अवगत कराया. श्रीमती सरिता देवी ने भी G20 के विषय को लेकर स्वयंसेवियों को भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्विक परिदृश्य से अवगत कराया.

इस अवसर शिविर के समस्त स्वयंसेवी प्रदीप, किरणदीप, नरेंद्र, मनीष, सिमरन, प्राची, लता, प्रियांशी, मोनिका, काजल, अंजलि बिजल्वाण, अक्षा, कोमल, मोनिका, अंजलि, अंशिका, मोनिका, आरती, काजल, रीतिका, प्रियंका, ऋतु, प्रियंका, पूजा, अनिशा, मनीषा, अनिशा आदि स्वयंसेवियों के साथ सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य दलीप सिंह, अध्यापक श्री शैलेश मुयाल आदि स्टाफ़ उपस्थित रहें.

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड-249146




पोखरी बाजार में नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम चलाते हुए रा०से०यो० के स्वयंसेवी

शाम 24.04.2023






रा०
से०
यो०

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड -249146

# सप्तम दिवस (समापन समारोह) 25.03.2023

पिछले सात दिन से राजकीय महाविद्यालय पोखरी टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों  के साथ किया गया.

इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि वन विभाग के अधिकारी श्री सुनील सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि समाजदेवी श्री लाखीराम बिजल्वाण, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य श्री दलीप सिंह, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री बैरवान रहें. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉ॰ शशि बाला वर्मा द्वारा की गई.

कार्यक्रम अधिकारी डॉ॰ राम भरोसे के नेतृत्व में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया. कार्यक्रम अधिकारी ने इस शिविर की सफलता का सारा श्रेय अपने स्वयंसेवियों को दिया.

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई. स्वयंसेवियों द्वारा अतिथियों के समक्ष ईश वंदना और लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया, जिसके बाद कैम्प कमांडर सिमरन द्वारा सभागार में सात दिवसीय शिविर में हुई गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट पढ़ी गई. स्वयंसेवी लता और मनीषा द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया.

सरस्वती विद्यामंदिर की छात्राओं द्वारा भी अलग अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये.

स्वयंसेवी किरणदीप, मनीष, नरेंद्र, प्रदीप द्वारा नशा मुक्ति विषयक एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई. इसके बाद अतिथियों द्वारा स्वयं सेवियों के उत्साहवर्धन हेतु सभी को पुरस्कृत किया गया और स्वयंसेवी अंजलि, सिमरन और अक्षा को इस सात दिवसीय शिविर का Best Volunteer घोषित कर अलग से पुरस्कृत किया गया. इसके बाद कु॰ अमिता द्वारा शिविर में हुई G20 और नशा मुक्ति विषयक आयोजित चार्ट प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की. जिनमें अंजलि, अक्षा, सिमरन, काजल, मनीषा, कोमल, इत्यादि स्वयंसेवियों को पुरस्कृत किया गया.

कार्यक्रम में सभी अतिथियों द्वारा अपने अपने उदबोधन में स्वयंसेवियों को शिविर समापन की बधाई प्रेषित करते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया. कार्यक्रम का अंत स्वयंसेवियों अंजलि, प्रियंका, काजल, रीतिका द्वारा एक रंगारंग प्रस्तुति गढ़वाली नृत्य द्वारा  हुआ.

इस अवसर महाविद्यालय के डॉ॰ सरिता देवी, डॉ॰ वंदना सेमवाल, डॉ मुकेश सेमवाल, डॉ० विवेकानन्द भट्टए अंकित सैनी,  दीवान सिंह, नरेंद्र, नरेश, सरस्वती विद्या मंदिर के अध्यापक श्री शैलेश मुयाल, प्रीति, अंजलि तथा शिविर के समस्त स्वयंसेवी प्रदीप, किरणदीप, नरेंद्र, मनीष, सिमरन, प्राची, लता, प्रियांशी, मोनिका, काजल, अंजलि बिजल्वाण, अक्षा, कोमल, मोनिका, अंजलि, अंशिका, मोनिका, आरती, काजल, रीतिका, प्रियंका, ऋतुए प्रियंका, पूजा, अनिशा, मनीषा, अनिशा आदि उपस्थित रहें.

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड - 249146




सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन



# समापन समारोह की कुछ झलकियाँ

**25.04.2023**





कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड